# 24 घंटे थाने में रखा, फिर आरटीआई में भी जानकारी छिपाई, सूचना आयोग का बड़ा एक्शन

## तत्कालीन एएसपी और टीआई पर 25-25 हजार का जुर्माना

**जबलपुर।** थाने में 24 घंटे से अधिक समय तक बंधक बनाकर रखने के आरोपों से जुड़े मामले में सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगी गई जानकारी उपलब्ध नहीं कराने पर मध्य प्रदेश राज्य सूचना आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने गोरखपुर के तत्कालीन थाना प्रभारी अरविंद चौबे तथा तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय अग्रवाल पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

आदर्श नगर, गौरीघाट निवासी अजीत सिंह आनंद ने आयोग को बताया कि 20 जून, 2023 को गोरखपुर पुलिस उन्हें घर से थाने ले गई थी और 21 जून को छोड़ा। उन्होंने आरटीआई के तहत थाने लाने-ले जाने से संबंधित रोजनामचा, रिहाई का रिकार्ड तथा सीसीटीवी फुटेज मांगे थे, लेकिन जानकारी नहीं दी गई। प्रथम अपील में तत्कालीन एएसपी ने रिकार्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, फिर भी आदेश का पालन नहीं हुआ।



मामले की सुनवाई के बाद सूचना आयोग ने रोजनामचा, रिहाई संबंधी अभिलेख तथा अन्य व्यक्तियों की पहचान छिपाकर संबंधित सीसीटीवी फुटेज निश्शुल्क उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस महानिदेशक को आदेशित किया कि आरटीआई की प्रथम अपीलों का कानूनन निर्धारित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से निराकरण सुनिश्चित कराया जाए।

## श्वान ने बच्चे को काटा, मालिक को न्यायालय उठने तक की सजा

**जबलपुर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दीप्ति चौहान ने बच्चे को काटने वाले श्वान के मालिक को न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई है। न्यायालय ने श्वान के मालिक पर एक हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अभियोजन के अनुसार 27 अक्टूबर 2020 को सिविल लाइन्स निवासी गैविन डिसूजा के श्वान ने 8 वर्षीय बालक अतौर रहीम रहमान को काट लिया। जब बच्चे के परिजनों ने शिकायत की तो श्वान मालिक ने उनके साथ भी विवाद किया। पीड़ित पक्ष की ओर से अधिवक्ता सलीम रहमान के तर्क सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी को सजा सुनाई।



### मंचीय कलाकार वेलफेयर एसोसिएशन की प्रादेशिक बैठक आयोजित

## स्थापना दिवस व कलाकार हितों पर बनी रणनीति

**जबलपुर।** मंचीय कलाकार वेलफेयर एसोसिएशन (रजि.) मध्य प्रदेश की प्रादेशिक बैठक गुरुवार को ग्वारीघाट तिराहा स्थित अमृतसरी नान होटल में प्रदेश अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा रायल एवं प्रदेश संरक्षक कृष्णा नायडू के नेतृत्व में संपन्न हुई। मां सरस्वती के पूजन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रदेश उपाध्यक्ष रमन पटेल, बृजेश सेन व मुकुल वर्मा ने कलाकारों का स्वागत किया। महासचिव अनिल प्रजापति ने 25 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाले स्थापना दिवस के कार्यक्रमों, आई-कार्ड नवीनीकरण, नए आई-कार्ड जारी करने तथा कलाकारों के लिए आपातकालीन सहायता कोष गठन के प्रस्तावों की जानकारी दी, जिन्हें बैठक में सर्वसम्मति से स्वीकृति मिली। कोषाध्यक्ष माला यादव ने प्रस्तावों का अनुमोदन किया। बैठक में शशिकांत, योगेश विश्वकर्मा (सागर), जवाहर बर्मन (पाटन), हरीश भारती (कटनी), सज्जन जी (बरही), सुषमा केसरवानी (मैहर), सुषमा सुमन पटेल, करन वीर सिंह, माया विश्वे, अश्वनी दुबे, गोविंद, नीरज जैन, सुनीता, अविनाश झंकार, सुनीता ठाकुर, संजना बैरागी, प्रीति, उमा ठाकुर, मस्तराम, रेखा रघुवंशी (नैनपुर), चंद्रभान पटेल (मंडला), आदर्श पटेल व अरविंद पटेल (करेली), मोहित (सीधी), सहित सिवनी, बालाघाट, रायसेन, दमोह एवं अन्य जिलों के कलाकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बृजेश सेन तथा आभार प्रदर्शन प्रियंका ठाकुर ने किया।

## एसआईआरडी परिसर का निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री प्रहलाद पटेल



**जबलपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने शनिवार को करमेता स्थित राज्य ग्रामीण विकास संस्थान (एसआईआरडी) भाग-2 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्थान परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा भवन और परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए विकास कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने एसआईआरडी भवन के विभिन्न कक्षों का अवलोकन कर अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने परिसर में सड़क, बाउंड्रीवॉल और अन्य अधोसंरचना संबंधी कार्यों की प्रगति पर चर्चा करते हुए जरूरी निर्देश दिए। साथ ही परिसर को ग्रीन कैंपस के रूप में विकसित करने पर जोर देते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करने और लगाए गए पौधों के संरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। मंत्री ने साफ-सफाई और हरियाली के रखरखाव पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए तथा कहा कि पर्यावरण संरक्षण सभी की साझा जिम्मेदारी है और इसके लिए लगातार प्रयास किए जाने चाहिए।

## मांग : जर्जर शाला भवनों की मरम्मत कराई जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी-कर्मचारी संगठन ने बारिश के मौसम को देखते हुए नगर निगम क्षेत्र के जर्जर शाला भवनों को चिन्हित कर उनकी शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है। जिला अध्यक्ष राजेश सहारिया ने कहा कि जर्जर भवनों के कारण विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुरक्षा पर खतरा बना हुआ है, इसलिए समय रहते आवश्यक मरम्मत कार्य कराया जाना चाहिए। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन सहित हेमंत ठाकरे, दिनेश गोंड, रऊफ खान, लालजी प्रसाद, राकेश श्रीवास, राजकुमार यादव, फिलिप एंथोनी, राकेश गुप्ता, गोपीशाह, मनमोहन चौधरी, दीपेश जैन एवं आशीष कोरी ने नगर निगम आयुक्त से मांग की है कि नगर निगम के अधीन आने वाले सभी जर्जर स्कूल भवनों का सर्वे कर शीघ्र मरम्मत कराई जाए, ताकि विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## भाजपा का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मजयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत रविवार, 5 जुलाई को सुबह 11 बजे भाजपा संभागीय कार्यालय, रानीताल में जिला कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया कि सम्मेलन को मध्य प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह संबोधित करेंगे। सम्मेलन में सांसद आशीष दुबे, राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी एवं अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे, जबलपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष संदीप जैन, निशक्त जन कल्याण प्रदेश संयोजक संदीप रजक, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, महामंत्री पंकज दुबे, रंजीत पटेल, सोनू बचवानी सहित जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने सभी कार्यकर्ताओं से सम्मेलन में सहभागिता की अपील की है।

## अमृत 2.0 व वर्षाकालीन कार्यों की निगमायुक्त ने की समीक्षा, जलभराव रोकने के दिए सख्त निर्देश

**जबलपुर।** नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने नगर निगम मुख्यालय में अमृत 2.0 योजना एवं वर्षाकालीन ड्रेनेज कार्यों की समीक्षा करते हुए शहर में पेयजल आपूर्ति और सीवर नेटवर्क के कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीवर एवं पेयजल पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों का रिस्टोरेशन तत्काल कराया जाए तथा निर्माण कार्यों में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों और एजेंसियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। निगमायुक्त ने वर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए जोनवार माइक्रो-प्लानिंग पर जोर देते हुए बड़े नालों की सफाई की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी 16 जोनों के अधिकारियों एवं मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों को अलर्ट मोड पर रहने तथा संवेदनशील एवं निचले क्षेत्रों में जल निकासी के लिए डीजल पंपों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




## सायबर सुरक्षा जागरूकता पर कार्यशाला संपन्न

**जबलपुर।** महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री सभागार सिविक सेंटर में सायबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन सायबर राज्य पुलिस के सहयोग से किया गया। मुख्य अतिथि राज्य सायबर पुलिस डीएसपी उमाकांति आर्मो ने कार्यशाला के उद्देश्यों को बताते हुए देश में बढ़ रहे सायबर अपराधों के प्रति जागरूकता एवं डिजिटल अरेस्ट के भय को सामान्य नागरिक के मन से दूर करना बताया। चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता ने आधार कार्ड के डाटा को फ्रॉड तरीके से निकालने तथा वित्तीय लेन-देन में बढ़ते फ्रॉड पर अंकुश लगाने की मांग सरकार से की, साथ ही वर्तमान नियमों के कारण वित्तीय फ्रॉड में फंसकर परेशान हो रहे व्यापारियों एवं उद्योगपतियों के सीज हो रहे खातों से उत्पन्न कठिनाइयों का शीघ्र निराकरण करने का आग्रह किया। विषय विशेषज्ञ राज शर्मा ने सायबर सुरक्षा को विस्तार से समझाते हुए आज के आधुनिक युग में तकनीकी इस्तेमाल के गुण दोषों की जानकारी दी। कार्यशाला का संचालन चेम्बर मानसेवी मंत्री अखिल मिश्र एवं आभार वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर नाग्देव ने किया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में व्यापारी,उद्योगपति एवं बैंको के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### कम मुद्रांक शुल्क में दस्तावेज तैयार करने पर मांगा स्पष्टीकरण

## अधिक राशि पर स्टाम्प बेचने वाले 19 वेंडरों को दिया नोटिस

**जबलपुर।** अधिक राशि पर स्टाम्प बेचे जाने और गलत मद का चयन कर कम मुद्रांक शुल्क पर दस्तावेज तैयार कर शासकीय राजस्व को हानि पहुंचाने वाले जिले के 19 स्टाम्प वेंडरों एवं सेवा प्रदाताओं को जिले के कलेक्टर ऑफ स्टामप्स द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किये गये हैं। जिले में कार्यरत कई स्टाम्प वेंडरों एवं सेवा प्रदाताओं के विरुद्ध अधिक राशि में स्टाम्प बेचे जाने तथा गलत मद का चयन कर कम मुद्राँक शुल्क पर दस्तावेज तैयार करने की आम नागरिकों से प्राप्त शिकायतों पर वरिष्ठ जिला पंजीयक द्वारा निरीक्षण टीमों का गठन किया गया था। इन टीमों ने सिहोरा, गोसलपुर और कृषि उपज मंडी,विजय नगर जबलपुर स्थित हाट बाजार में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि स्टाम्प वेंडर न केवल स्टाम्प निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बेच रहे थे, बल्कि विभिन्न दस्तावेजों के लिए भी नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। जांच में पाया गया कि शपथ-पत्र, जिसके लिए विधि अनुसार 200 रुपये का स्टाम्प अनिवार्य है, उसे कुछ वेंडरों द्वारा मात्र 50 रूपये या 100 रुपये के स्टाम्प पर ही बनाया जा रहा था। इसी प्रकार, अचल संपत्ति के अनुबंध-पत्र, किरायानामा, सहमति-पत्र और कब्जा सहित अनुबंध जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों को भी गलत हेड का चयन कर केवल 1,000 रुपये या उससे कम के स्टाम्प पर तैयार किया जा रहा था। निरीक्षण टीमों ने संबंधित वेंडरों के विक्रय रजिस्टरों की जांच की और उनकी प्रतियां प्राप्त कर साक्ष्य एकत्रित किए। इस अनियमितता के विरुद्ध भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 के तहत निर्मित मध्यप्रदेश स्टाम्प नियम 1942 के नियम 27 के अंतर्गत संबंधित स्टाम्प वेंडरों और सेवा प्रदाताओं को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं। कलेक्टर ऑफ स्टाम्प्स ने स्पष्ट किया है कि जवाब नियत अवधि में प्राप्त होने पर परीक्षण उपरांत इन वेंडरों की अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) को निलंबित या रद्द करने की सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, जिले के समस्त स्टाम्प वेंडरों, सेवा प्रदाताओं, दस्तावेज लेखकों एवं अन्य संबंधितों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि वे भविष्य में शासन द्वारा निर्धारित शुल्क पर स्टाम्प विक्रय करें, ताकि शासकीय राजस्व की हानि को पूरी तरह रोका जा सके। कलेक्टर ऑफ स्टाम्पस द्वारा जिन वेंडरों और सेवा प्रदाताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है, उनमें जगदीश प्रसाद पाठक, ब्रिजेश कुमार उपाध्याय, सुनील खरे, संजय कुमार गुप्ता, गणेश प्रसाद एवं नीतू साहू सिहोरा, श्रीमती कविता तिवारी गोसलपुर, मनीष जैन, पूर्णेश जैन, ओ पी मिश्रा एवं उभी मिश्रा हाट बाजार विजय नगर जबलपुर, प्राची शर्मा रांझी, योगिता चावला सिविल लाईन, किरण प्यासी, शबा आफरीन आधारताल, सुशील पाण्डेय एवं विनय कुमार पाण्डेय पाटन, शिवांक तिवारी पोलीपाथर, एजाज अंसारी नई बस्ती गोहलपुर शामिल हैं।





## संतजनों की उपस्थिति में 16 को निकलेगी भगवान जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा, पत्र पूजन संपन्न

**जबलपुर।** श्री जगदीश मंदिर गणेश मंदिर लोक न्यास के तत्वावधान में गढ़ाफाटक स्थित लगभग 500 वर्ष प्राचीन श्री जगदीश मंदिर से भगवान जगन्नाथ स्वामी, बलभद्र एवं सुभद्रा की 259वीं रथयात्रा 16 जुलाई को जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर निकाली जाएगी। रथयात्रा की तैयारियों के तहत रविवार को राइट टाउन स्थित प्रेम मंदिर के वरिष्ठ पुजारी पं. रामकृष्ण पाठक एवं पं. देवेंद्र त्रिपाठी के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पत्र पूजन संपन्न हुआ। श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी लाल ज्ञानेंद्र सिंह बघेल (अधिवक्ता) ने बताया कि रथयात्रा में चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल जबालीपुरम की अगुवाई में संत-महंत एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इस अवसर पर मोहित तिवारी, लाल अच्युतेंद्र सिंह बघेल, पं. मनमोहन दुबे, देवेंद्र नेमा, अतुल कुमार पटेल, मोहित पटेल, राकेश उपाध्याय, डी.के. दुबे, विशाल पंड्या, एडवोकेट शिखा सिंह बघेल, एडवोकेट सुजीत सिंह रघुवंशी, एडवोकेट दीपक कुमार विश्वकर्मा, नरेंद्र गौतम, मधुकर राव, सुनील गुप्ता, पीतल पटेल एवं नत्थू दादा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## कलेक्टर ने किया मेडिकल कॉलेज अस्पताल का औचक निरीक्षण

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने शनिवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर उपचार व्यवस्था, साफ-सफाई, दवाइयों की उपलब्धता और मरीजों को मिल रही सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अनुराग सिंह सहित मेडिकल कॉलेज एवं जिला प्रशासन के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल में भर्ती मरीजों के उपचार और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति पर चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।



## गढ़ा बाजार, गौतमजी की मढ़िया और डुमना में हटाए गए अतिक्रमण

### जलभराव रोकने निगम का अभियान ने पकड़ी गति

**जबलपुर।** मानसून के दौरान जलभराव की समस्या से राहत दिलाने और यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम ने शनिवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर स्वास्थ्य एवं अतिक्रमण दस्ते ने गौतम जी की मढ़िया, गढ़ा बाजार और डुमना प्रियदर्शिनी कॉलोनी में नालों एवं सड़कों में बाधा बन रहे अवैध निर्माणों और अतिक्रमणों को हटाया। गौतम जी की मढ़िया क्षेत्र में नाला सफाई में बाधा बन रहे पक्के अतिक्रमण हटाए गए, जबकि गढ़ा बाजार में आनंद कुंज से पंडा की मढ़िया तक सड़क और नालों पर किए गए स्थायी एवं अस्थायी कब्जों को हटाकर यातायात सुगम बनाया गया। वहीं डुमना प्रियदर्शिनी कॉलोनी में शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमणों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अवैध ढांचों को ध्वस्त किया गया। नगर निगम ने नागरिकों और व्यापारियों से नालों एवं सड़कों पर अतिक्रमण नहीं करने तथा जलभराव रोकने के प्रयासों में सहयोग की अपील की है।



## गौरीघाट में हाईटेंशन खंभा झुका, बड़ा हादसा टला

**जबलपुर।** गौरीघाट क्षेत्र में देर रात तेज बारिश के दौरान एक बड़ा हादसा बाल-बाल टल गया, जब मेन रोड पर हाईटेंशन बिजली का खंभा अचानक झुककर सड़क की ओर आ गया। घटना रात के समय होने से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। खंभा झुकते ही इलाके की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई, जिससे पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब गया।

**नाम सुधार सूचना**

मैं मनीष तिवारी पिता लक्ष्मीकांत तिवारी यह घोषणा करता हूं कि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरे पिता का नाम लक्ष्मीकांत तिवारी अंकित है किंतु मेरी दसवीं की मार्कशीट में मेरे पिता का नाम एल.के. तिवारी दर्ज है मेरे पिता का पूरा नाम लक्ष्मीकांत तिवारी है अतः एल.के. तिवारी व लक्ष्मीकांत तिवारी एक ही व्यक्ति के नाम हैं अर्थात मेरे पिता के नाम हैं शपथ पत्र के माध्यम से यह घोषणा करता हूं कि आज दिनांक से मेरे पिता के पूरे नाम लक्ष्मीकांत तिवारी के नाम से जाना, पहचाना एवं पढ़ा जाए।

**पुराना नाम-एल.के. तिवारी**
**पूरा नाम-लक्ष्मीकांत तिवारी**

पता-फ्लैट नंबर 304, ब्लॉक ए, कचनार शिव दर्शन अपार्टमेंट, शिव मंदिर के पास, जबलपुर (मध्य प्रदेश)

**CHANGE OF DATE OF BIRTH**

I RAMBALAK PRASAD is legally father of SHYAM KISHOR PRASAD present resident of VILL BALKHORA, POST NIMA BUDHUAL, PS- AMAS, SUB DISTRICT-AMAS, DISTRICT-GAYA, STATE- BIHAR, PIN CODE-824219. That I have changed my DOB from 28/06/1954 to 01/01/1956 due to wrong DOB entered in my Son Service Record. That my DOB is 01/01/1956. That my DOB at all times hereafter in all records, deeds and writing and in all proceeding dealing with transactions, private as well as under all occasions what so ever be known as only (01/01/1956)

Date: 02.07.2026
Place: Jabalpur
Deponent

**आम सूचना**

दिनांक 03.07.2026

मै, अपनी पक्षकार कम्पनी की ओर से पूर्ण रूप से अधिकृत होकर आम जनता को यह सूचित करता हूँ कि मेरी पक्षकार कम्पनी द्वारा नितेश कुमार अवस्थी आ. श्री कैलाश अवस्थी तथा श्रीमति नीरजा शुक्ला पत्नि नितेश कुमार अवस्थी को अचल सम्पति जो कि मौजा बदनपुर नं.ब. 48, प.ह.नं. 28, ( पुराना ), 07 नया शहीद गुलाब सिंह वार्ड खसरा क्रमांक 179/1 नामांतरण पश्चात नया खसरा क्रमांक 179 / 1 - ट, सैनिक गृह निर्माण सहकारी समिति का भाग लेआउट प्लाट क्रमांक 28 का भाग, स्कीम नं. 2 - सी, कुल प्लाट क्षेत्रफल 750 वर्गफुट तहसील व जिला जबलपुर स्थित अचल सम्पति को बंधक रख कर ऋण सुविधा देना प्रस्तावित है उक्त सम्पति के वर्तमान मालिक व काबिज हेमलता पाली पत्नि स्व. दिलीप पाली है जिन्होने रजिस्टर्ड विक्रयपत्र दिनांक 02.11.2015 क्रमांक एमपी 182542015ए1143395 के द्वारा विक्रेता श्रीमति शिशिर कोना बैनर्जी पत्नि सुरेश कुमार से उक्त वर्णित सम्पति क्रय की थी यह कि उक्त वर्णित मूल विक्रय पत्र दिनांक 02.11.2015 दस्तावेज क्रमांक एमपी 182542015ए1143395 कही गुम हो चुका है तथा बहुत ढूढने पर मिल नही रहा है वर्तमान दिनांक तक उक्त वर्णित मूल विक्रय विलेख अप्राप्त है तथा सबधित पुलिस थाने में उक्त वर्णित मूल विक्रय विलेख की गुमने की सूचना दी जा चुकी है अतः उक्त वर्णित मूल विक्रय पत्र के दुरूपयोग को रोकने हेतु यह आम सूचना दी जा रही है अतः जिस किसी भी व्यक्ति, वित्तीय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था या किसी व्यक्ति को उक्त सम्पति के बंधक रख कर नितेश कुमार अवस्थी आ. श्री कैलाश अवस्थी तथा श्रीमति नीरजा शुक्ला पत्नि नितेश कुमार अवस्थी को सम्पति क्रय करने ततपश्चात बंधक रख कर ऋण सुविधा देने मे आपत्ति है, उक्त गुम हुये मूल विक्रय पत्र मे अपना हित रखता है, सम्पति पर अपना दखल रखता है, उक्त सम्पति से हितबद्ध है तो आज दिनांक से 07 दिवस के अंदर मुझे अंदर मुझे सूचित करें अन्यथा नितेश कुमार अवस्थी आ. श्री कैलाश अवस्थी तथा श्रीमति नीरजा शुक्ला पत्नि नितेश कुमार अवस्थी को उक्त वर्णित सम्पति बंधक रख कर ऋण सुविधा प्रदान कर दी जावेगी तथा इस सूचना पत्र मे वर्णित सम्पति को ऋण प्रतिभूति के तौर पर बंधक रख लिया जावेगा तथा तत्पश्चात कोई भी आपत्ति बंधनकारी नही होगी।

जबलपुर, दिनांक 03.07.2026
भवदीय
हर्षित पटेल (अधिवक्ता), म.प्र. उच्च न्यायालय
कार्यालय एवं निवास 1790, जे.ई.एस.स्कूल के बाजू मे न्यू शोभापुर कालोनी, व्हीएफजे रोड, जबलपुर
मो नं 9893333246

आगरा का सनसनीखेज मामला

# पति की हत्या कर बाथरूम में दफनाया, रोज नहाती रही



एजेंसी ▶▶| आगरा

मध्य प्रदेश के चर्चित सोनम रघुवंशी और मेरठ के मुस्कान हत्याकांड के बाद अब उत्तर प्रदेश के आगरा से भी एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। सिकंदरा थाना क्षेत्र में एक महिला पर अपने पति की हत्या कर शव को घर के बाथरूम के फर्श के नीचे दफनाकर फर्श पर प्लास्टर करा दिया और उसी बाथरूम में रोजाना नहाती रही। आरोपी महिला का नाम रूबी है, उसने जुर्म कबूल लिया है। उसका कहना है पति के अक्सर मारपीट करने के कारण उसने उसकी हत्या की।

## कैसे की हत्या

डीसीपी सिटी सैय्यद अली अब्बास ने बताया कि सुरेंद्र नशे का आदी था। वह शराब के साथ-साथ नशे की गोलियां भी खाता था। हत्या वाले दिन रूबी ने सुरेंद्र को नशे की गोलियों की ओवरडोज दे दी। इसके बाद उसकी हत्या करके बाथरुम में उसके शव को गाढ़ दिया था। अंतिम निष्कर्ष पोस्टमार्टम, फोरेंसिक रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर तय होगा।

## डेढ़ माह तक किया नाटक

पुलिस ने बताया, मृतक 44 वर्षीय सुरेंद्र शर्मा के भाई अनिल शर्मा यानी रूबी के जेठ को उसके व्यवहार से शक हो गया था। उसने रूबी से कहा कि अगर कोई परेशानी हो तो वह साथ देगा। इसके बाद रूबी ने जुर्म कबूला। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर बाथरूम का फर्श तोड़ा, जहां से केवल कंकाल बरामद हुआ। इसके पहले रूबी ने करीब डेढ़ महीने तक पति के लापता होने का नाटक किया था।

# उमर और शरजील की जमानत याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** कड़कड़डूमा कोर्ट ने वर्ष 2020 के दंगा मामले से जुड़ी कथित साजिश में आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम की ताजा जमानत याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत द्वारा इस मामले में आदेश शनिवार को ही सुनाए जाने की संभावना जताई जा रही है। सुनवाई के दौरान उमर खालिद की ओर से पेश अधिवक्ता त्रिदिप ने अदालत को बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने अंद्राबी केस में दोनों आरोपियों की जमानत याचिकाएं खारिज किए जाने को लेकर सवाल खड़े किए थे।

खामेनेई की अंतिम विदाई में काले कपड़े पहनकर पहुंचे लाखों लोग

शिया परंपरा के मुताबिक छाती पीटकर मनाया मातम

# ‘खून बहेगा...बदला-बदला’



एजेंसी ▶▶| तेहरान

*ईरान की राजधानी तेहरान में 3 जुलाई से पूर्व सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई के अंतिम संस्कार से जुड़ी रस्में शुरू हो गई हैं जो 9 जुलाई तक चलेगी। शनिवार को खामेनेई को आखिरी विदाई देने के लिए लाखों लोग तेहरान के ग्रैंड मोसल्ला में जुटे। शिया परंपरा के मुताबिक काले कपड़े पहने लोग छाती पीटकर मातम मनाया। इस दौरान लोगों ने ‘खून बहेगा’, ‘अमेरिका मुर्दाबाद’ और ‘बदला, बदला’ जैसे नारे भी लगाए।*



## अंतिम संस्कार के बाद फिर शुरू होगी वार्ता

कतर ने बताया कि खामेनेई के अंतिम संस्कार के बाद अमेरिका-ईरान वार्ता का अगला दौर फिर शुरू होगा। वहीं ईरान ने आईएईए को फोर्डो, नतांज और इस्फहान परमाणु ठिकानों के निरीक्षण की अनुमति देने से इंकार कर दिया है।

## 5 शहरों से गुजरेगी अंतिम यात्रा

खामेनेई की अंतिम यात्रा पहले ईरान के तेहरान, कोम से इराक के कर्बला, नजफ से होकर गुजरेगी। आखिर में 9 जुलाई को मशहद में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। खामेनेई के अंतिम संस्कार को लेकर तेहरान की सड़कों पर सेना और पुलिस की भारी तैनाती की गई है। सभी मुख्य सड़कों, चौराहों और सरकारी इमारतों के बाहर सेना और पुलिस बल तैनात है। मेन रोड्स पर मिलिट्री गाड़ियां पहरा दे रही हैं।

## 100 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि शामिल

*ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर खामेनेई का ताबूत शुक्रवार को तेहरान के इमाम खुमैनी ग्रैंड मुसल्ला पहुंचाया गया। यहां उनके अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में कई देशों के प्रतिनिधिमंडल शामिल हुए। अली खामेनेई के साथ उनकी 14 महीने की पोती, बेटी, पत्नी और दामाद को भी अंतिम श्रद्धांजलि दी गई। शुक्रवार को कार्यक्रम में 100 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। हालांकि रूस, चीन, भारत और तुर्किये जैसे देशों के टॉप लीडर्स ने इससे दूरी बरती। ईरान की तरफ से न्योता भेजे जाने के बावजूद इन्होंने अपने निचले स्तर के प्रतिनिधियों को भेजा।*

# चार्ल्स शोभराज के चेले जॉन ने देशभर के 300 लग्जरी होटलों में ली मुफ्त में सेवाएं, रायपुर में धरा गया



गिरफ्तार जालसाज 15 साल देश के अलग-अलग राज्यों की जेल में रहा, बाकी समय होटलों में बिताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर के होटल हयात में मुफ्त सेवाएं लेते पकड़े गए ठगराज की कहानी बिल्कुल फिल्मी है। उसने देशभर के तकरीबन 300 होटलों में ठगी-चोरी की और लग्जरी लाइफ जीता रहा। इस ठग का नाम बिंगसन जॉन है।

खास खबर

69 वर्षीय जान को तेलीबांधा इलाके के फाइव स्टार होटल हयात में एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट ने दबोचा है। पूछताछ में पता चला कि जान ठगराज चार्ल्स शोभराज को अपना आइडियल मानता है। जान ने होटल हयात में मुफ्त सेवाएं तो ली ही, लैपटाप भी चोरी किया था।

## जेल को मानता है होम स्टे

*गिरफ्तार जालसाज ने 1990 में ठगी करना शुरू किया था। 21 वर्षीया मंगेतर की मौत के बाद उसने शादी करने का विचार त्याग दिया और ठगी करने लगा। सबसे पहले वो 1996 में ठगी करने पर गिरफ्तार हुआ। अब तक उसने अपने जीवन काल के कुल उम्र में से 15 वर्ष जेल में व्यतीत की है। पकड़े जाने पर वह पुलिस को गुमराह करने की बजाय अपना अपराध कबूल कर लेता है। जालसाज जेल को होम स्टे तथा होटलों को पर्यटन स्थल मानता है। पूछताछ में पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक बिंगसन पहले गाइड का काम करता था।*

## फिल्मी अंदाज में जीता था जिंदगी

पूछताछ में जालसाज ने पुलिस को बताया कि पिछले 36 वर्षों से उसकी जिंदगी जेल और महंगे होटलों के बीच ही गुजर रही है। जेल से बाहर निकलते ही वह किसी नए शहर के पांच सितारा होटल को अपना निशाना बनाता था। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ देशभर में बड़ी संख्या में आपराधिक मामले दर्ज हैं और उसका लंबा आपराधिक इतिहास सामने आया है।

# दो उग्रवादी गिरफ्तार, बड़ी मात्रा में गोला-बारूद जब्त

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के दो जिलों से प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पुलिस के एक बयान के अनुसार, इंफाल ईस्ट जिले के संजेनबम खुलेन से प्रतिबंधित ‘पीपुल्स लिबरेशन आर्मी’ के 45 वर्षीय सक्रिय सदस्य को पकड़ा गया। बयान में कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने उसी दिन इंफाल वेस्ट जिले के नागामापाल कांगजाबी लीराक से प्रतिबंधित संगठन ‘प्रेपाक’ के 44 वर्षीय सदस्य को भी गिरफ्तार किया। बयान के अनुसार, एक अन्य अभियान में पुलिस ने पोरोमपट पुलिस थाना क्षेत्र के वाखा चिंग से हथियार, विस्फोटक और गोला-बारूद का जखीरा जब्त किया। तीन साल पहले जातीय हिंसा शुरू होने के बाद से ही सुरक्षा बल मणिपुर के बाहरी और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान और ‘एरिया डोमिनेशन’ (इलाके पर नियंत्रण बनाए रखने की कार्रवाई) चला रहे हैं।

मेटा ने जारी किया बयान अफवाहों को किया खारिज

# व्हाट्सएप का यूजरनेम फीचर होगा पूरी तरह से ऑप्शनल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मेटा ने व्हाट्सएप में बगैर नंबर के केवल यूजरनेम के जरिये चैटिंग वाले नए फीचर पर सफाई दी है। मेटा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि आगामी यूजरनेम फीचर पूरी तरह से ऑप्शनल होगा। इसका मतलब यह है कि किसी भी यूजर के लिए यूजरनेम बनाना अनिवार्य ही नहीं होगा, जो लोग अपने मोबाइल नंबर के जरिए ही चैट करना चाहते हैं, वे पहले की तरह ही एप का इस्तेमाल जारी रख सकेंगे। इसके साथ ही कंपनी ने इंटरनेट पर फैल रही उन अफवाहों को भी पूरी तरह खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया जा रहा था कि कोई भी रैंडम यूजर किसी मशहूर हस्ती या ब्रांड का यूजरनेम पहले से रिजर्व कर सकता है। ।

फीचर के संभावित दुरुपयोग को लेकर जताई जा रही थी चिंता

केंद्र सरकार ने मांगी थी विस्तृत जानकारी, फीचर को लांच न करने कहा था

## केंद्र ने दिया था आदेश

गौरतलब है, व्हाट्सएप जल्द ही ऐसा फीचर लाने जा रहा है, जिससे यूजर्स बिना अपना मोबाइल नंबर शेयर किए सिर्फ यूजरनेम के जरिए बातचीत कर सकेंगे। हालांकि इस फीचर के संभावित दुरुपयोग को लेकर केंद्र सरकार ने चिंता जताई है। सरकार ने इस नए फीचर के बारे में तीन दिनों के भीतर पूरी विस्तृत जानकारी मांगी गई थी। साथ ही मेटा को साफ शब्दों में आदेश दिया था कि जब तक इस पूरे मामले पर आपसी बातचीत और समीक्षा पूरी नहीं हो जाती, तब तक भारत में इस फीचर को किसी भी हाल में लॉन्च न किया जाए। सरकार के इस कड़े रुख के बाद कंपनी ने एक्स पर सवाल-जवाब के जरिए स्थिति साफ कर दी है।




## फर्जी पहचान रोकने के लिए होंगे ये सुरक्षा उपाय

मेटा ने साफ किया है कि फीचर लॉन्च करने से पहले कई सुरक्षा परतें जोड़ी गई हैं, ताकि स्कैम और इम्पर्सोनेशन को रोका जा सके। कंपनी के अनुसार इंस्टाग्राम और फेसबुक के मौजूदा यूजरनेम रिजर्व रहेंगे। सेलिब्रिटी, सरकारी संस्थानों और मेटा वैरिफाइड अकाउंट्स के नाम सुरक्षित रखे जाएंगे। इनके जैसे मिलते-जुलते यूजरनेम पर भी कोई दूसरा दावा नहीं कर सकेगा। इसके अलावा वायरल हो रही उन खबरों को भी मेटा ने गलत बताया, जिनमें कहा जा रहा था कि कोई भी मशहूर नाम पहले रिजर्व कर सकता है।

## अनजान यूजर का मैसेज आने पर क्या दिखेगा?

व्हाट्सएप ने बताया कि जब यह फीचर लॉन्च होगा, तब किसी अनजान व्यक्ति के मैसेज आने पर यूजर को अतिरिक्त जानकारी दिखाई जाएगी। इसमें भेजने वाले का देश और अकाउंट कितना नया है? यह सब शामिल होंगे। **सर्च नहीं किया जा सकेगा यूजरनेम :** मेटा ने यह भी साफ किया है कि मोबाइल नंबर की तरह यूजरनेम को सर्च नहीं किया जा सकेगा। इसके अलावा यूजर्स चाहें तो यूजरनेम की भी चालू कर सकते हैं। इस स्थिति में किसी व्यक्ति से संपर्क करने के लिए सिर्फ यूजरनेम नहीं, बल्कि उसकी यूजरनेम की भी जरूरी होगी। इससे अनचाहे संपर्क और फर्जी अकाउंट का खतरा कम होगा।

## बदला जा सकता है यूजरनेम

व्हाट्सएप ने अगर आपका कोई पसंदीदा आपका नया पसंदीदा यूजरनेम उपलब्ध होगा, तो उसको चेंज किया जा सकता है। व्हाट्सएप ने अपने पोस्ट में कुछ जरूरी बातों की भी जानकारी दी है। पोस्ट में लिखा है कि सोशल मीडिया पर यह दावा किया जा रहा है कि लोग पहले से लोकप्रिय या मशहूर यूजरनेम रिजर्व कर सकते हैं, जो दावा गलत है। ऐसे यूजरनेम केवल उनके वास्तविक और वैध मालिक ही रिजर्व कर पाएंगे।

## लॉन्च से पहले ही रिजर्वेशन की सुविधा

व्हाट्सएप ने यूजरनेम फीचर के ऑफिशियल लॉन्च से पहले ही रिजर्वेशन की सुविधा शुरू कर दी है, जिसके पीछे तर्क दिया है कि कंपनी का मानना है कि लोग अपने पसंदीदा यूजरनेम को लेकर काफी गंभीर हैं। व्हाट्सएप का कहना है कि वह इस फीचर को जल्दबाजी में लॉन्च नहीं करना चाहते हैं। वह यूजर्स का फीडबैक लेकर इस साल के अंत में फीचर को सही तरीके से लॉन्चिंग करने की योजना बना रहा है।

ग्रेडिंग रुकने की वजह-किन बिंदुओं में हो मूल्यांकन, यही तय नहीं, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत नैक ग्रेडिंग में होना है बदलाव

# देशभर में रुकी नैक ग्रेडिंग, वेटिंग में मप्र के कॉलेज भी, तीन माह पुरानी रैंक को एक्सटेंशन

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

देशभर के उच्च शैक्षणिक संस्थानों में नैक ग्रेडिंग रुक गई है। इससें छत्तीसगढ़ के भी विश्वविद्यालय और महाविद्यालय शामिल हैं। इसका कारण शैक्षणिक संस्थानों की लापरवाही नहीं बल्कि यूजीसी द्वारा अब तक नैक ग्रेडिंग का क्षेत्र निर्धारित नहीं किया जाना है। दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत नैक ग्रेडिंग के लिए होने वाली मूल्यांकन पद्धति में बदलाव किया जाना है। बदलाव संबंधित यह योजना लंबे समय से प्रस्तावित है। अब तक इसे अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। अब तक सात बिंदुओं में नैक ग्रेडिंग होती रही है। नई पद्धति में इसे बढ़ाकर 10 किया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार, प्राचीन बिंदुओं को समाप्त नहीं किया जाएगा बल्कि इसे ही विस्तार दिया जाएगा। गौरतलब है कि बीते वर्ष नैक मूल्यांकन उस वक्त विवादों में आ गया था, जब निरीक्षण दल द्वारा रिश्वत लेकर संस्थान को अच्छे अंक प्रदान करने की बात सामने आई थी। इसके बाद से ऐसी पद्धति विकसित करने पर जोर दिया जा रहा था, जिसमें निरीक्षण दल का हस्तक्षेप कम हो और संस्थानों के वास्तविक कार्य के आधार पर ग्रेडिंग प्रदान की जा सके।

## पुरानी पद्धति में इन बिंदुओं के अंतर्गत मूल्यांकन

1. पाठ्यचर्या के पहलू
2. अध्यापन-अधिगम और मूल्यांकन
3. अनुसंधान, नवाचार और विस्तार
4. बुनियादी ढांचा और शिक्षण संसाधन
5. छात्र सहायता और प्रगति
6. शासन, नेतृत्व और प्रबंधन
7. सांस्थानिक मूल्य और सर्वोत्तम प्रथाएं

## अवधि खत्म हुई तो अतिरिक्त समय

चूंकि ग्रेडिंग में विलंब यूजीसी की ओर से हो रहा है, इसलिए यदि महाविद्यालयों की ग्रेडिंग समाप्त हो जाती है तो वे अपनी पुरानी ग्रेडिंग का इस्तेमाल अतिरिक्त तीन माह के लिए कर सकेंगे। इस दौरान प्रकाशित होने वाली अंकसूची में पुरानी ग्रेडिंग का जिक्र किया जा सकेगा। किसी भी संस्थान को प्रदान की जानी वाली ग्रेडिंग अधिकतम पांच साल के लिए मान्य होती है। इसके बाद संस्थान को पुनः मूल्यांकन करवाना होता है। पं.रविशंकर शुक्ल विवि से संबद्ध महाविद्यालय जहां नैक ग्रेडिंग समाप्त हो चुकी है अथवा होने वाली है, उनमें साइंस कॉलेज, शासकीय महाविद्यालय आरंग तथा महासमुंद, अग्रसेन महाविद्यालय, विप्र कॉलेज प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा भी कई कॉलेज हैं।

## 3 माह पूर्व हुआ था ऑनलाइन सर्वे

यूजीसी द्वारा तीन माह पूर्व ऑनलाइन सर्वे किया गया था। इस सर्वे में उन महाविद्यालयों ने हिस्सा लिया था जिनकी नैक ग्रेडिंग या तो समाप्त हो चुकी है अथवा समाप्त होने वाली है। इस सर्वे के जरिए यह पता लगाने की कोशिश की गई थी कि दोनों में से कौन सी मूल्यांकन पद्धति शिक्षा व्यवस्था के लिए बेहतर साबित होगी। इस सर्वे के बाद महाविद्यालयों को उम्मीद थी कि अब उनके संस्थानों की ग्रेडिंग हो सकेगी, लेकिन अब तक किसी तरह की प्रगति इसमें नहीं हो सकी है।

सीबीएसई ने जारी किया नया शेड्यूल, अब 8 जुलाई तक मिलेगा रजिस्ट्रेशन का मौका

# 12वीं कंपार्टमेंट की तारीख बदली, अब 28 जुलाई को एग्जाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 12वीं कंपार्टमेंट एग्जाम का शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके साथ ही 12वीं कंपार्टमेंट एग्जाम के लिए आवेदन प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। सीबीएसई की तरफ से घोषित कार्यक्रम के अनुसार 12वीं कंपार्टमेंट एग्जाम की तारीख में बदलाव किया गया है। अब 12वीं का कंपार्टमेंट एग्जाम 28 जुलाई को होगा। पहले 15 जुलाई को सीबीएसई 12वीं कंपार्टमेंट एग्जाम प्रस्तावित था। सीबीएसई ने आवेदन पोर्टल शुरू कर दिया है। कंपार्टमेंट एग्जाम के लिए स्टूडेंट्स 8 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। वहीं, कंपार्टमेंट एग्जाम की तारीख में हुए बदलाव से स्टूडेंट्स नाराज हैं।

## कौन कर सकता है आवेदन

*सीबीएसई 12वीं कंपार्टमेंट एग्जाम के लिए चुनिंदा स्टूडेंट्स ही आवेदन कर सकते हैं। निर्देशों के अनुसार, इस साल 12वीं की परीक्षा देने वाले स्टूडेंट्स एक विषय में मार्क्स इम्प्रूव करने के लिए कंपार्टमेंट एग्जाम दे सकते हैं। वहीं, एक विषय में फेल स्टूडेंट्स भी पास होने के लिए कंपार्टमेंट एग्जाम के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही 2025 में कंपार्टमेंट वाले स्टूडेंट्स भी कंपार्टमेंट एग्जाम के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह उनके लिए तीसरा और आखिरी मौका होगा।*




## संगम पोर्टल के जरिए होगा आवेदन

सीबीएसई ने 12वीं कंपार्टमेंट एग्जाम के लिए स्कूलों को एलओसी जमा करने का निर्देश दिया है। इसके लिए 8 जुलाई तक का समय दिया गया है। 8 जुलाई रात 11:59 बजे तक एलओसी जमा कराई जा सकती है। हालांकि, स्टूडेंट्स व्यक्तिगत स्तर पर भी आवेदन कर सकते हैं।

## कंपार्टमेंट एग्जाम की फीस

कंपार्टमेंट एग्जाम के लिए निर्धारित फीस की बात करें तो भारत के स्टूडेंट्स के लिए 300 रुपये फीस निर्धारित है। वहीं, नेपाल के स्टूडेंट्स के लिए 1100 रुपये और भारत से बाहर के देशों के स्टूडेंट्स के लिए 2200 रुपये फीस निर्धारित है। दृष्टिबाधित स्टूडेंट्स को एग्जाम फीस से छूट दी गई है।

## तारीख बदलने से स्टूडेंट्स भड़के, ग्रेस मार्क्स की मांग

सीबीएसई की तरफ से पहले जारी शेड्यूल के अनुसार कंपार्टमेंट एग्जाम 15 जुलाई को प्रस्तावित था, लेकिन अब 28 जुलाई को कंपार्टमेंट एग्जाम होगा। इससे स्टूडेंट्स की परेशानियां बढ़ गई हैं। स्टूडेंट्स का कहना है कि अगर 28 जुलाई को कंपार्टमेंट एग्जाम होगा, तो अगस्त तक उसका रिजल्ट जारी होगा। अगस्त तक यूनिवर्सिटी समेत कई संस्थानों की एडमिशन प्रक्रिया खत्म हो जाएगी। ऐसे में कंपार्टमेंट एग्जाम का कोई वजूद नहीं रह जाएगा। स्टूडेंट्स ने ग्रेस मार्क्स देने की मांग की है।

लालू परिवार अब निजी आवास में शिफ्ट

# राबड़ी ने 20 साल बाद खाली किया सरकारी बंगला

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने आखिरकार पटना स्थित अपना सरकारी बंगला ‘10 सर्कुलर रोड’ खाली कर दिया है। राबड़ी देवी पिछले करीब 20 सालों से इस आलीशान बंगले में रह रही थीं। गुरुवार को लालू प्रसाद यादव का पूरा परिवार इस सरकारी आवास को छोड़कर कौटिल्य नगर स्थित अपने निजी घर में शिफ्ट हो गया है। साल 2005 के विधानसभा चुनाव में सत्ता गंवाने के बाद, नीतीश कुमार की तत्कालीन सरकार ने राबड़ी देवी को ‘10 सर्कुलर रोड’ का ये बंगला दिया था। ये बंगला मुख्यमंत्री आवास के ठीक सामने और राजभवन से महज कुछ ही दूरी पर स्थित है। लगभग 20 सालों तक ये बंगला लालू परिवार का आशियाना रहा।



## बीजेपी सरकार के दबाव के आगे झुका परिवार

राबड़ी देवी ने ये बंगला सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली मौजूदा बीजेपी सरकार के कड़े रुख और दबाव के बाद खाली किया है। सरकार ने अब ये बंगला बीजेपी नेता और मंत्री नंद किशोर राम को आवंटित कर दिया है।

# मोहबर्रा सारसडोल के बीच 3.5 करोड़ की सड़क पानी में बही

## भ्रष्टाचार की पोल सड़क ने खोल कर रख दी है, शासन प्रशासन के पैसों बना मजाक

**सिवनी। जिले के केवलारी विकासखंड अंतर्गत आने वाले उगली थाना क्षेत्र के ग्राम मोहबर्रा से सारसडोल की बीच लगभग 3 करोड़ 50 लाख रूपये की लागत से निर्मित की गई डामरीकृत सडक़ पहली ही बारिश की बोछार में टूटकर बह गई है, जिससे मोहबर्रा और सारसडोल के बीच सडक़ संपर्क पूर्ण रूप से टूट गया है। हालांकि अभी भी मोहबर्रा और सारसडोल के मध्य पडऩे वाली नदी में लगभग एक करोड़ रूपये की लागत से उच्चस्तरीय पुल का निर्माणा कार्य गति पर है।**

उल्लेखनीय होगा कि उगली के समीपस्थ ग्राम मोहबर्रा से ग्राम सारसडोल को जोडऩे वाले लगभग 2 किलोमीटर लंबे मार्ग का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 3 करोड़ 50 लाख रूपये की लागत से स्वीकृत किया गया, जिसके निर्माण कार्य का ठेका बालाघाट जिले के लामता निवासी आशीष जायसवाल ठेकेदार को दिया गया है, जिसके द्वारा डामरीकृत सडक़ का निर्माण कार्य विगत एक माह पूर्व ही पूर्ण किया गया है। इसके अलावा इस मार्ग पर पडऩे वाली नदी पर लगभग 4 मीटर ऊंचाई के पुल का निर्माण कार्य लगभग 1 करोड़ रूपये की लागत से चल रहा है। निर्माणाधीन पुल के दोनों सिरों तक सडक़ का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है।



मोहबर्रा से सारसडोल की बीच बनाई गई सडक़ में निर्माणाधीन नदी के पुल से महज 200 मीटर की दूरी पर सडक़ निर्माता ठेकेदार के द्वारा खेतों के पानी निकासी को लेकर पुलिया डाली गई थी और उसके ऊपर से डामरीकृत सडक़ बनायी गई थी ताकि खेत का पानी आसानी से निकल सके, लेकिन ताकनीकी विहीन सडक़ निर्माण कार्य की पोल उस समय खुल गई जब विगत दो दिनों से क्षेत्र में अनवरत बारिश का दौर प्रारंभ हुआ और खेत पानी से लबालब हो गये, पानी निकासी के लिए बनायी गई पुलिया से पानी निकासी पर्याप्त मात्रा में नहीं हो सकी और उक्त मोघी पानी में डूब गई और जब पानी नीचे उतरा तो मोघी सहित सडक़ के हिस्से को बहा ले गया। जिस स्थान पर मोघी डाली गई थी वहां पर सडक़ दो भागों में विभाजित होने से मार्ग में आवागमन अवरूद्ध हो गया है।

मौके पर देखने पर इस बात की जानकारी लगी कि सडक़ निर्माता ठेकेदार के द्वारा पानी निकासी हेतु पर्याप्त व्यवस्था और कटिंग नहीं देने व नाली निर्माण नहीं करने के कारण ग्राम मोहबर्रा में लोगों के घरों में पानी भर जाने से भारी नुकसानी का सामना करना पड़ है और लोगों को पलायन करने को मजबूर होना पड़ रहा है। एक किसान के द्वारा दूरभाष में बताया गया कि पानी के तेज बहाव में सड़ पर लगाई गई मोघा भी बह गये है जिससे तेज बहाव का पानी उसके खेत में तालाब को फोड़ते हुए बहकर खेत में भर जाने से उसकी खरीफ फसल क्षतिग्रस्त हो गई है।

इस संदर्भ में ठेकेदार आशीष जायसवाल से सुबह जब संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि हमारे निर्माण कार्य में नाली स्वीकृत नहीं थी,जितना एस्टीमेट हमें दिया गया है,उसके अनुरूप कार्य हुआ है सडक़ के किनारे किसानों के द्वारा ही मोघे लगाने की अनुमति दी गई थी, जहां तक पुलिया की बात करें तो अभी निर्माण कार्य जारी है। मानसून सत्र की शुरुआत में पहले ही बरसात ने घटिया सडक़ निर्माण और उसके निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की पोल खोल कर रख दी है। शासन प्रशासन के पैसों का क्या मजाक बनाया जा रहा है,वर्षों से लंबित मांग मोहबर्राऔर सारसडोल के मध्य तत्कालीन विधायक की स्वीकृति से लगभग करोड़ों रुपए के विकास कार्यों हो रहे थे, जिसकी पोल पहली बरसात में खुलती नजर आ रहे हैं।

## खेत में काम कर रहे किसान पर जंगली सूअर ने किया हमला

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** खेत में काम कर रहे किसान पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया। इससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण पहुंचे। घायल हालात में जिला हॉस्पिटल लेकर आए। वहां पर इलाज चल रहा है। घटना किरनापुर रेंज के ग्राम रट्टापायली गांव की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिले में सुअरों के आतंक से किसान परेशान है। आए दिन जंगली सुअर खेत में काम कर रहे किसानों पर हमला कर रहे है। सहसराम लिल्हारे स्थानीय सचिव व सरपंच प्रतिनिधि ने बताया-4 जुलाई को दोपहर करीब 1 बजे अपने खेत में कृषि कार्य कर रहा था। बाजरे की फसलों में से अचानक जंगली सुअर निकला।

## दूसरी शादी के बाद बच्चों को लेकर विवाद एसपी ऑफिस में हाई वोल्टेज ड्रामा



**छतरपुर।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक पारिवारिक विवाद उस समय हाईवोल्टेज ड्रामे में बदल गया, जब दूसरी शादी करने का दावा करने वाली एक महिला अपने पति के साथ सुरक्षा की मांग लेकर एसपी कार्यालय पहुंची। महिला ने आरोप लगाया कि उसने 28 जून 2026 को कदारी निवासी करन अहिरवार से कोर्ट मैरिज के बाद रीति-रिवाज से विवाह किया है। इसके बाद से मायके पक्ष के लोग लगातार जान से मारने की धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। महिला ने एसपी को आवेदन देकर सुरक्षा उपलब्ध कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

महिला ने अपने आवेदन में बताया कि उसकी बड़ी बहन अपने दो बच्चों को छोड़कर चली गई थी, जिनकी देखभाल परिवार के साथ उसने भी की। अब उसकी बहन, मां और अन्य परिजन उन बच्चों को उसका बताकर जबरन जिम्मेदारी सौंपने का दबाव बना रहे हैं। महिला का आरोप है कि 2 जुलाई को परिजन एक बच्ची को उसके घर छोड़ गए और उसे उसकी बेटी बताते हुए चले गए।वहीं, महिला के मायके पक्ष ने एसपी कार्यालय पहुंचकर महिला के आरोपों को निराधार बताया। महिला की बहन गीता अहिरवार ने दावा किया कि सोनिया पहले से शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं। उनका कहना है कि सोनिया अप्रैल माह में घर छोड़कर चली गई थी और बाद में इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी दूसरी शादी की जानकारी मिली। परिजनों ने आरोप लगाया कि महिला अब अपने बच्चों को अपनाने से इनकार कर रही है।दोनों पक्षों के आमने-सामने आने से एसपी कार्यालय परिसर में तनावपूर्ण स्थिति बन गई। इसी दौरान मायके पक्ष के साथ मौजूद महिला की नानी ने कथित रूप से बच्चों की ओर पत्थर फेंकने का प्रयास किया, जिसे मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल रोक दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाइश देकर सिविल लाइन थाना भेज दिया। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के आवेदन प्राप्त हो गए हैं और मामले की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### वन परिक्षेत्र खैरलांजी के ग्राम भंडारबोड़ी के पीपरटोला की घटना

## खेत के कुएं में मिला भालू का टुकड़ों में कटा शव, शिकार की आशंका

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

दक्षिण वन मंडल बालाघाट सामान्य के वन परिक्षेत्र खैरलांजी के ग्राम भंडारबोड़ी अंतर्गत पीपरटोला में किसान जियालाल धुर्वे के खेत में स्थित कुएं में भालू(नर उम्र 11 वर्ष) का टुकड़ों में कटा हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। खैरलांजी और वारासिवनी का वन अमला मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद कुएं से भालू के शव को बाहर निकाला।

शनिवार को दोपहर दो से तीन बजे के बीच ग्रामीणों ने खेत के कुएं से दुर्गंध आने पर अंदर झांककर देखा, तो भालू का शव टुकड़ों में पड़ा देखा। इसके बाद तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंचे वन अमले ने स्थिति का जायजा लिया और शव को कुएं से बाहर निकाला। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर डाग स्क्वाड भी पहुंचा, जिसने



आसपास के क्षेत्र में जांच शुरू की।

### चारों पैर मिले कटे

भालू की हालत बेहद गंभीर और संदिग्ध पाई गई, उसके चारों पैर काट दिए गए थे और सिर को भी धड़ से अलग कर दिया गया था। आगे के पैरों के नाखून भी गायब पाए गए, जिससे अवैध शिकार की आशंका और गहरा गई है। प्रथम दृष्टया यह मामला वन्यजीव शिकार या हत्या से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शिकार कर शव के हिस्सों को निकालने के बाद उसे छिपाने के उद्देश्य से कुएं में फेंका गया होगा। वन विभाग ने मौके पर पंचनामा तैयार किया गया। भालू का शव तीन से चार पुराना होने उसमें कीड़े लग गए थे। जिससे उसका लीवर, लंग्स सहित अन्य अवशेष गले होने के कारण शार्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत का कारण स्पष्ट सामने नहीं आया है। वन विभाग ने भालू के शव का विधिवत अंतिम अंतिम किया गया। अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। सैंपल ले लिए गए है जिसे जबलपुर भेजा जाएगा। वन विभाग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है और दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की बात कही है। घटना के बाद क्षेत्र में वन्यजीव सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों ने भी आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### इनका कहना हैं

पीपरटोला में जंगल से लगे एक किसान के खेत में भालू का क्षत विछत हालत में शव मिला। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में शव बरामद कर पंचनामा बनाकर अंतिम संस्कार किया गया। तीन से चार दिन पुराना शव होने से अंग गल चुके थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण फिलहाल स्पष्ट होगा। सैंपल ले लिए गए है। जिन्हें जबलपुर भेजा जाएगा।

**डीसी वासनिक,**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी,**
**खैरलांजी।**

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बनाने वाला ब्लैकमेलर गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले की जयसिंहनगर पुलिस ने एक ऐसे घिनौने और शातिर चेहरे को बेनकाब किया है, जिसने न सिर्फ प्यार और शादी के पवित्र रिश्ते को कलंकित किया, बल्कि एक युवती की जिंदगी बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। शादी का झांसा देकर लगातार दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले रसूखदार आरोपी प्रवीण कुमार गहरवार उर्फ मनीष सिंह 25 वर्ष, निवासी बिनैका को पुलिस ने कड़े तेवर दिखाते हुए सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।


**किराए के मकान में आबरू से खिलवाड़-** सच्चाई सामने आते ही अंचल के राजनीतिक और सामाजिक हलकों में हडक़ंप मच गया है। आरोपी मनीष ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर अपने जाल में फंसाया और किराए के मकान में रखकर उसकी मर्जी के खिलाफ कई बार शारीरिक शोषण किया। दरिंदगी की हद तो तब हो गई जब उसने मोबाइल में पीड़िता का अश्लील वीडियो भी बना लिया। जब पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया, तो आरोपी साफ मुकर गया। इसके बाद पीड़िता की शादी कहीं और हो गई, लेकिन इस सनकी ब्लैकमेलर का कलेजा नहीं भरा। वह पीड़िता के ससुराल तक पहुंच गया और परिजनों को अश्लील वीडियो दिखाकर उसे बदनाम किया। साथ ही सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसकी गृहस्थी उजाडने की साजिश रची।

**कोर्ट में पेश, विलेन का घमंड चूर-** पीड़िता की चीख जब थाने पहुंची, तो जयसिंहनगर पुलिस तत्काल एक्शन मोड में आ गई। थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार बैगा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक जीवन सिंह तेकाम की टीम ने घेराबंदी कर इस शातिर अपराधी को दबोच लिया। पर्याप्त सबूतों के आधार पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। क्षेत्र की जनता पुलिसिया कार्रवाई की जमकर तारीफ कर रही है।

## रास्ते में बढ़ी प्रसव पीड़ा, 108 स्टाफ ने एम्बुलेंस में कराया सुरक्षित प्रसव

**डिंडोरी।** जिले के शाहपुर विकासखंड के बरगई गांव से प्रसव पीड़ा से पीड़ित महिला को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल डिंडोरी लाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में महिला का प्रसव पीड़ा तेज हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए 108 एम्बुलेंस के चालक ओमप्रकाश कश्यपए ईएमटी संजय कश्यप एवं साथ मौजूद आशा कार्यकर्ता ने सूझबूझ और तत्परता का परिचय देते हुए एम्बुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया।जानकारी के अनुसारए लेबर पेन की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस को तत्काल डिंडोरी से बरगई गांव के लिए रवाना किया गया। टीम ने समय पर गांव पहुंचकर गर्भवती महिला को प्राथमिक देखभाल के साथ अस्पताल के लिए रवाना कियाए लेकिन रास्ते में ही प्रसव पीड़ा अत्यधिक बढ़ गई। ऐसे में एम्बुलेंस स्टाफ और आशा कार्यकर्ता ने आवश्यक सावधानियां बरतते हुए सफलतापूर्वक प्रसव कराया।प्रसव के बाद जच्चा और नवजात दोनों को तत्काल 108 एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर पहुंचाया गयाए जहां चिकित्सकों की निगरानी में दोनों का उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार जच्चा और नवजात दोनों पूरी तरह सुरक्षित एवं स्वस्थ हैं।

## अनूपपुर में हाथियों का आतंक जारी, एक हाथी पहुंचा छत्तीसगढ़, तीन भोलगढ़ के जंगल में डटे





### घरों पर धावा, फसलों की तबाही...

**अनूपपुर।** जिले के अनूपपुर और जैतहरी वन क्षेत्र में चार जंगली हाथियों का दल पिछले एक सप्ताह से ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। हाथियों का समूह तीन और एक की संख्या में बंट गया है। दिनभर जंगलों में विश्राम करने के बाद शाम ढलते ही ये हाथी जंगल से सटे गांवों में पहुंचकर मकानों में तोड़फोड़ कर रहे हैं और खेतों-बाड़ियों में लगी फसलों तथा सब्जियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वन विभाग के अनुसार एक बड़ा नर हाथी अपने तीन साथियों से अलग होकर धनगवां बीट के आमापानी जंगल में दिनभर ठहर रहा है। रात होते ही वह ग्राम पंचायत पड़रिया के चोई गांव के भलुवान टोला और पडमनिया टोला में पहुंचकर कई घरों में नुकसान पहुंचा चुका है। हाथी ने घरों में रखे अनाज को भी बर्बाद किया और खेतों व बाड़ियों में लगी फसलों को रौंद दिया। इसके बाद वह गुजरनाला पार कर छत्तीसगढ़ के सिवनी वन बीट के मालाडांड, पथर्री, पडरी और चरचेडी होते हुए घुसरिया बीट के जंगल में पहुंच गया, जहां शनिवार को दिनभर विश्राम करता रहा। उधर तीन हाथियों का दूसरा दल शुक्रवार रात भगतबांध गांव के आसपास विचरण करता रहा। शनिवार को यह दल अनूपपुर के भोलगढ़ और खांड़ा के बीच स्थित जंगल में डेरा जमाए हुए है। लगातार हो रही हाथियों की आवाजाही से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। रातभर लोग जागकर अपने घरों और खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं। वहीं वन विभाग की टीमें हाथियों की गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और ग्रामीणों से सतर्क रहने तथा हाथियों के नजदीक नहीं जाने की अपील कर रही हैं।

## नाबालिग गर्भपात मामले में कई सवालः कथित महिला डॉक्टर तक पुलिस की जांच कब पहुंचेगी?

**सिवनी।** नाबालिग से जुड़े गंभीर मामले में मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद अब पूरे क्षेत्र में पुलिस की आगे की कार्रवाई को लेकर कई सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि जिस व्यक्ति पर नाबालिग को गर्भवती करने का आरोप है, उसकी गिरफ्तारी तो हो गई, लेकिन मामले के अन्य पहलुओं पर अब तक कोई स्पष्ट कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। क्षेत्र में चर्चा है कि नाबालिग को कथित रूप से गर्भपात की दवा उपलब्ध कराने वाली महिला डॉक्टर की भूमिका की भी निष्पक्ष और गहन जांच होनी चाहिए। यदि जांच में यह सामने आता है कि बिना वैधानिक प्रक्रिया का पालन किए किसी नाबालिग को गर्भपात संबंधी दवा दी गई या किसी प्रकार की चिकित्सकीय सहायता प्रदान की गई, तो यह अत्यंत गंभीर विषय है और संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई होना आवश्यक है। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि यदि पुलिस नाबालिग के माता-पिता एवं मामले से जुड़े अन्य लोगों से गहन और निष्पक्ष पूछताछ करे, तो कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं। लोगों के बीच यह धारणा बन रही है कि पूरे मामले में केवल एक आरोपी की गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं है। यदि किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका भी जांच में सामने आती है, तो उसके विरुद्ध भी समान रूप से कार्रवाई होनी चाहिए। कुछ लोगों का आरोप है कि जांच की गति अपेक्षा से धीमी है, जिसके कारण तरह-तरह की चर्चाएं और सवाल उठ रहे हैं। वहीं, पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर भी लोगों के बीच विभिन्न तरह की प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है और जांच एजेंसियों की ओर से भी इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।यह मामला केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि नाबालिग की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कानून के पालन से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील विषय है। ऐसे मामलों में यदि किसी भी व्यक्ति—चाहे वह कोई चिकित्सक हो, मध्यस्थ हो या अन्य कोई—की भूमिका सामने आती है, तो उसके विरुद्ध निष्पक्ष एवं कानूनी कार्रवाई होना न्याय की दृष्टि से आवश्यक माना जाता है।

## सीमेंट प्लांट में 25 फीट की ऊंचाई से गिरा श्रमिक हालत गंभीर

**रीवा।** जिले के नौबस्ता स्थित डालमिया सीमेंट प्लांट में शनिवार सुबह काम के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। करीब 25 वर्षों से प्लांट में कार्यरत श्रमिक 25 फीट ऊंचाई से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय से जबलपुर रेफर कर दिया। घायल श्रमिक अनिल सोनी, निवासी ग्राम नादन, जिला मैहर, शनिवार सुबह करीब 9 बजे प्लांट के भीतर ऊंचाई पर लगी लोहे की प्लेट पर चढ़कर काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक प्लेट टूट गई और वह करीब 25 फीट नीचे गिर गया। हादसे में उसे गंभीर चोटें आईं। साथ में काम कर रहे श्रमिकों ने तत्काल उसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जबलपुर रेफर कर दिया। घायल के परिजन राजेश सिंह का आरोप है कि कंपनी प्रबंधन श्रमिकों से लगातार दबाव में काम कराता है। उन्होंने कहा कि जिस लोहे की प्लेट पर अनिल सोनी कार्य कर रहा था, वह पहले से जर्जर थी। इसकी जानकारी होने के बावजूद उसे बदला नहीं गया और उसी पर काम कराया जाता रहा, । परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वही पूरे मामले में डालमिया सीमेंट रीवा प्रबंधक का कहना है कि सुबह कंपनी में संविदा (कॉन्ट्रैक्ट) पर कार्यरत कर्मचारी अनिल सोनी संयंत्र के रॉ मिल यूनिट-1 में हुई एक घटना में घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए एम्बुलेंस से कंपनी के अस्पताल ले जाया गया।



## आकाशीय बिजली गिरने से बैल की मौत

**शहपुरा।**

शहपुरा विकासखंड के ग्राम भिलाई माल में रविवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से एक बैल की मौत हो गई। घटना से किसान को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।जानकारी के अनुसारए रविवार शाम करीब 5 बजे क्षेत्र में हल्की बारिश के दौरान तेज गर्जना और चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरी। किसान जुताई का कार्य पूरा करने के बाद अपने बैलों को चरने के लिए खेत में छोड़कर घर लौट गया था। इसी दौरान एक बैल आकाशीय बिजली की चपेट में आ गयाए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पशु चिकित्सा विभाग को जानकारी दी। सूचना पर विभागीय अमला घटनास्थल पहुंचा तथा पंचनामा सहित आवश्यक कार्रवाई शुरू की। घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित किसान को शासन के नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।बरसात के मौसम में आकाशीय बिजली गिरने की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर प्रशासन ने नागरिकों से खराब मौसम के दौरान खुले स्थानोंए खेतों तथा पेड़ों के नीचे जाने से बचने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। साथ ही मौसम खराब होने पर आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह भी दी गई है।


# जिला अस्पताल में हाई रिस्क गर्भवती का किया सुरक्षित प्रसव, जुड़वा बच्चों ने लिया जन्म

### छह वर्ष बाद आई खुशियां, सिजेरियन ऑपरेशन से जच्चा व दोनों नवजात स्वस्थ

**अनूपपुर।** अनूपपुर जिला चिकित्सालय की मेटरनिटी विंग ने एक जटिल और उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था का सफल प्रबंधन कर सुरक्षित प्रसव कराते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। छह वर्ष बाद मां बनने जा रही महिला ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। समय पर चिकित्सकीय निर्णय और विशेषज्ञों की टीम के समन्वित प्रयास से जच्चा और दोनों नवजात पूरी तरह स्वस्थ हैं। गुणवत्तापूर्ण मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में जिला चिकित्सालय अनूपपुर लगातार बेहतर कार्य कर रहा है। इसी क्रम में चिकित्सालय की मेटरनिटी विंग ने एक उच्च जोखिम (हाई रिस्क) गर्भवती महिला का सफल सिजेरियन ऑपरेशन कर सुरक्षित प्रसव कराया है। जानकारी के अनुसार विकासखंड जैतहरी के ग्राम चोरभटी निवासी गर्भवती महिला को 3 जुलाई की सुबह प्रसव पीड़ा होने पर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। आवश्यक चिकित्सकीय जांच में पता चला कि महिला के गर्भ में जुड़वा शिशु हैं। साथ ही यह गर्भावस्था छह वर्ष के लंबे अंतराल के बाद होने के कारण चिकित्सकीय दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील और उच्च जोखिम वाली थी। महिला की स्थिति को देखते हुए मेटरनिटी विंग के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बिना विलंब सिजेरियन सेक्शन का निर्णय लिया। विशेषज्ञों की निगरानी में सफल ऑपरेशन के बाद महिला ने एक पुत्र और एक पुत्री को जन्म दिया। दोनों नवजात पूरी तरह स्वस्थ हैं। नवजात



पुत्र का वजन 2.335 किलोग्राम तथा पुत्री का वजन 2.310 किलोग्राम दर्ज किया गया। प्रसव के बाद मां और दोनों बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति सामान्य एवं संतोषजनक बताई गई है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार समय पर जांच, सही चिकित्सकीय निर्णय और अनुभवी विशेषज्ञों के समन्वित प्रयास के कारण इस जटिल गर्भावस्था का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया जा सका। यह उपलब्धि जिला चिकित्सालय की मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को भी दर्शाती है। सुरक्षित प्रसव में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सोशन खेश, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. उषा किरण समेले, डॉ. गायत्री तथा ऑपरेशन थिएटर की पूरी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी के संयुक्त प्रयास से मां और दोनों नवजातों को सुरक्षित रखा जा सका। इस उल्लेखनीय सफलता पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्रभारी कलेक्टर श्रीमती अर्चना कुमारी ने जिला चिकित्सालय की मेटरनिटी टीम को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की अपेक्षा व्यक्त की।



# फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' 17 को होगी रिलीज...

**मुंबई।** प्यार, धोखा और खौफनाक रहस्यों से भरपूर बॉलीवुड फिल्में दर्शकों की हमेशा से पसंदीदा रही हैं। आगामी फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' भी कुछ ऐसा ही वादा करती है, जिसका टीजर यूट्यूब पर जारी हो गया है। इंद्र दास द्वारा निर्देशित इस फिल्म में आर्य कुमार, नीता शेट्टी और पीहू बिस्वास जैसे नए कलाकार शामिल हैं। एसएस एंटरटेनमेंट वर्ल्ड के बैनर तले सुमन सौरभ द्वारा निर्मित 'रहूं मैं तेरे रूबरू' प्यार, धोखे, रहस्य और अप्रत्याशित मोड़ का मिश्रण है। फिल्म का टीजर एक ऐसी दुनिया में ले जाता है, जहां रोमांस और रहस्य की एक झलक मिलती है। इसकी कहानी एक व्लॉगर के इर्द-गिर्द घूमती है।

लाइफ Style

# तृषा

## कपड़ों से बदबू आने पर ब्रांड को लगाई फटकार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तृषा ने ये भी साफ किया कि उनके साथ ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, बल्कि पहले भी ऐसा हो चुका है। उन्होंने जारा ब्रांड से अपने कपड़ों की जांच-परख और उनके स्तर को सुधारने की मांग की है।

मशहूर अभिनेत्री तृषा कृष्णन ने कपड़ों के बड़े ब्रांड 'जारा' की सोशल मीडिया पर जमकर फटकार लगाई है। उन्होंने शिकायत की है कि इस ब्रांड से जो कपड़े उन्हें मिले, उनसे पसीने की बहुत ही गंदी बदबू आ रही थी। इंस्टाग्राम पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए अभिनेत्री ने इसे 'बेहद घिनौना' बताया है। तृषा ने ये भी साफ किया कि उनके साथ ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, बल्कि पहले भी ऐसा हो चुका है। उन्होंने जारा ब्रांड से अपने कपड़ों की जांच-परख और उनके स्तर को सुधारने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी भी ग्राहक को ऐसी गंदी हरकत का सामना न करना पड़े। तृषा ने अपने इस पोस्ट में जारा ब्रांड के आधिकारिक खातों को भी टैग किया। उन्होंने सीधे शब्दों में लिखा, 'कम से कम कपड़े पैक करने से पहले उन्हें सूंघ तो लिया करो। उनके इस पोस्ट ने सोशल मीडिया पर भारी हलचल मचा दी है और उनके प्रशंसकों ने भी इस पर जमकर अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। हालांकि, अभी तक जारा कंपनी की तरफ से इस शिकायत पर कोई जवाब नहीं आया है। काम के मोर्चे पर बात करें तो तृषा को आखिरी बार फिल्म 'करुप्पु' में देखा गया था।



हॉलीवुड मसाला

# टेलर ने मंगेतर ट्रैविस से की शादी



**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन सिंगर, सॉन्ग राइटर टेलर स्विफ्ट ने हाल ही में अपने मंगेतर ट्रैविस केल्सी से शादी कर ली है। कहा जा रहा है कि टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स ने न्यूयॉर्क सिटी के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में शादी की।. हालांकि अभी तक कपल ने अपनी शादी की कोई भी फोटो या वीडियो शेयर नहीं की है। भारतीय रुपये के हिसाब से पॉप सिंगर की शादी में करीब 94.72 करोड़ से 189.52 करोड़ का भारी-भरकम खर्चा हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक, टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स की वेडिंग सेरिमनी 3 जुलाई 2026 को मैडिसन स्क्वायर गार्डन में हुई।



# 7 करोड़ में बनी हॉरर फिल्म ने 10 दिनों में कमा डाले 750 करोड़

**लॉस एंजिल्स।** हाल ही में रिलीज हुई हॉलीवुड हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' ने तो कमाई के मामले में इतिहास रच दिया है। 7 करोड़ के बजट में बनी की फिल्म ने सिर्फ 10 दिनों में 750 करोड़ रुपये का कलेक्शन पार कर लिया है। हॉलीवुड फल्मि 'ऑब्सेशन' का प्रीमियर पिछले साल 05 सितंबर 2025 को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टविल में हुआ था। वहीं, अब 15 मई 2026 को ये फिल्म थएिटर्स में रिलीज हुई है। दिलचस्प बात है कि इस फिल्म का बजट सिर्फ 7 करोड़ रुपये है और 10 दिनों में इस फिल्म ने 750 करोड़ रुपए कमा डाले। इस फिल्म ने कमाई के मामले में 'माइकल', 'प्रोजेक्ट हेल मैरी' जैसी फिल्मों को पछाड़ दिया है। 'ऑब्सेशन' की कहानी की बात करे तो ये एक हॉरर फिल्म है, जिसमें माइकल जॉनस्टन लीड रोल प्ले करते नजर आए हैं।



# दक्षिण सिनेमा में जमाएंगी पैर...

**मुंबई।** शनाया कपूर के लिए बॉलीवुड का सफर कुछ खास साबित नहीं हुआ। उनकी डेब्यू फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' (2025) फ्लॉप निकल गई। आदर्श गौरव के साथ सर्वाइवल फिल्म 'तू या मैं' भी बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिर गई। ताजा अपडेट है कि अभिनेत्री तीसरी फिल्म के लिए दक्षिण सिनेमा का रुख करने की तैयारी कर रही हैं। साल 2021 की जॉम्बी कॉमेडी फिल्म 'जॉम्बी रेड्डी' के सीक्वल से अभिनेत्री तेलुगु फिल्म जगत में डेब्यू कर सकती हैं। शनाया के साथ इस अभिनेता की बनेगी जोड़ी रिपोर्ट के मुताबिक, 'जॉम्बी रेड्डी' के सीक्वल में शनाया के साथ तेजा सज्जा मुख्य किरदार में नजर आएंगे। तेजा को 'हनु-मान' (2024) और 'मिराई' (2025) जैसी फिल्मों ने जबरदस्त सफलता दिलाई है।



# 'धुरंधर' को टक्कर देगी धमाल-4

**मुंबई।** मशहूर अभिनेता रवि किशन अपनी आने वाली फिल्म 'धमाल 4' को लेकर बेहद उत्साहित हैं और उन्होंने इस फिल्म को 'मजेदार पागलपन' बताया है। उनका मानना है कि आज के समय में दर्शक बड़े पर्दे पर इसी तरह की फिल्में देखना पसंद कर रहे हैं। रवि किशन ने आगे कहा कि भले ही बॉक्स ऑफिस पर रणवीर सिंह की 'धुरंधर' जैसी मारधाड़ वाली फिल्में अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं, लेकिन अब लोगों का झुकाव कॉमेडी फिल्मों की तरफ ज्यादा बढ़ रहा है। यही वजह है कि उन्हें लगता है कि 'धमाल 4' सिनेमाघरों में एकदम सही समय पर रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन इंद्र कुमार ने किया है। इसमें अजय देवगन, अरशद वारसी, रितेश देशमुख, संजय मिश्रा, जावेद जाफरी और ईशा गुप्ता जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में दिखेंगे।

टीवी मसाला

# कभी ट्रैफिक सिग्नल पर नाचीं तो कभी दूसरे के कंधे पर झूमीं

**मुंबई।** एकता कपूर की रियलिटी शो लॉकअप सीजन 2 को नेटफ्लिक्स पर काफी ज्यादा चर्चा में देखा जा रहा है। शो को शुरू हुई अभी एक हफ्ता भी नहीं हुआ है और इतने में ही यह शो काफी सुर्खियों में आ चुका है। इस सीजन में काफी सारे ऐसे सेलिब्रिटीज की भी एंट्री हुई जिनकी जिंदगी काफी विवादित है। कुछ कंटेस्टेंट्स के बीच खूब लड़ाई भी हुई है। लेकिन इसी बीच श्रेया कालरा काफी चर्चा में आ गई है। लॉकअप के सीजन 2 की कंटेस्टेंट श्रेया कालरा पहले ही दिन से काफी ज्यादा सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्हें फर्स्ट एपिसोड में राम कपूर के साथ में बहस करते हुए भी देखा जा चुका है।



***डांस रील पर हो चुका है हंगामा :*** वैसे तो लॉकअप के शो में और श्रेया जितनी ज्यादा विवादित नजर आ रही है उतनी ही वह रियल लाइफ में भी कंट्रोवर्सी रह चुकी है। साल 2021 में वह अपनी एक डांस रील वीडियो को लेकर पहली बार चर्चा में आई थी। मध्य प्रदेश के इंदौर की श्रेया एक ट्रैफिक सिग्नल पर नाच रही थी और बीजी रोड पर उनका यह स्टंट उन्ही पर भारी पड़ गया। इनफ्लुएंसर के खिलाफ ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने और पब्लिक में हंगामा करने पर एफआईआर दर्ज करवा दी थी।

***बॉयफ्रेंड पर चीट करने के लगाए गए आरोप:*** श्रेया कालरा एमटीवी के मशहूर शो रोडीज का भी हिस्सा रह चुकी है। उन्हें कई बार पॉडकास्ट पर अपने बॉयफ्रेंड ऋषभ जायसवाल के साथ तीखी बयान बाजी करते हुए भी देखा जा चुका है। हालांकि अफसर ऋषभ और श्रेया को एक दूसरे पर पब्लिक में भी प्यार लुटाते हुए देखा जाता है। लेकिन एक बार श्रेया पर अपने बॉयफ्रेंड को धोखा देने के आरोप लगा दिए गए थे। साल 2025 के दौरान एक कंसर्ट का यह मामला है और यहां पर इनफ्लुएंसर को एक शख्स के कंधों पर बैठकर और नाचते हुए देखा गया था।

## शिवांगी जोशी ने गुपचुप रचा ली सगाई

**मुंबई।** शिवांगी जोशी टीवी इंडस्ट्री की एक मशहूर अभिनेत्री है और आपको बता दें कि उन्होंने यह रिश्ता क्या कहलाता है सीरियल में नायरा का किरदार निभाकर घर-घर में अपनी एक खास पहचान बना ली थी। लेकिन इस समय वह रियलिटी शो लॉकअप सीजन 2 में कंटेस्टेंट के तौर पर शामिल हुई है। अब हाल ही में उन्होंने शो में इस बात का खुलासा किया है कि उनकी सगाई हो चुकी है। जिसका वीडियो भी सामने आया है। शिवांगी जोशी का इस समय लॉकअप सीजन 2 का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होता हुआ नजर आ रहा है। इस दौरान वह श्रेया कलर से बात करती हुई नजर आती है और बताती है कि उनकी सगाई हो चुकी है। शिवांगी जोशी ने इस पर बात करते हुए कहा कि मैं सीधा शादी करना चाहती हूं। जब श्रेया ने शिवांगी से सवाल किया कि उन्हें कैसा लड़का पसंद है तो इस पर वह मुस्कुराती है और कहती हैं कि मैं इंगेज्ड हूं। इसका सीधा मतलब है कि शिवांगी की सगाई हो चुकी है। लेकिन आखिरकार वह शख्स कौन है और क्या करता है?



# 'गट्टा कुश्ती 2' के मजेदार पागलपन को देखने उमड़ी दर्शकों की भीड़...

**मुंबई।** विष्णु विशाल और ऐश्वर्या लक्ष्मी के शानदार अभिनय से सजी फिल्म 'गट्टा कुश्ती 2' ने सिनेमाघरों में आते ही तहलका मचा दिया है। ये फिल्म 3 जुलाई, 2026 को रिलीज हुई है और इसे समीक्षकों से भी शानदार प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म ने धमाकेदार शुरुआत की है। इस नए भाग में 'वीर' और 'कीर्ति' की कहानी को और आगे बढ़ाया गया है। फिल्म में भरपूर कॉमेडी और पारिवारिक भावनाओं का ऐसा बेहतरीन तालमेल है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं और सिनेमाघरों में दर्शक इसका पूरा लुत्फ उठा रहे हैं।



### बॉक्स ऑफिस पर 'गट्टा कुश्ती 2' ने कमाए इतने करोड़

*'गट्टा कुश्ती 2' ने अपने पहले ही दिन पूरे देश में 2.93 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की है। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा तमिलनाडु से आया, जहां फिल्म ने अकेले 2.60 करोड़ रुपये बटोरे। सिनेमाघरों में फिल्म के शोज को लेकर दर्शकों में अच्छा-खासा उत्साह देखने को मिला। दिनभर सिनेमाघरों में सीटों की बुकिंग 22 प्रतिशत से ज्यादा रही, जो रात के शोज में बढ़कर 36 प्रतिशत तक पहुंच गई।*

# बॉलीवुड के कुछ ऐसे कलाकार, जिनकी सादगी के होते हैं चर्चे, स्टार बनने के बाद भी नहीं बदला अंदाज

**मुंबई।** रणबीर कपूर से लेकर पंकज त्रिपाठी और मनोज बाजपेयी तक, जानिए बॉलीवुड के उन सितारों के बारे में जिनकी सादगी और प्रोफेशनल रवैये की चर्चा इंडस्ट्री में भी होती है। बॉलीवुड में स्टारडम के साथ अक्सर बड़े एंटॉरेज, लग्जरी लाइफस्टाइल और अलग अंदाज की चर्चा होती है. लेकिन इंडस्ट्री में कुछ ऐसे सितारे भी हैं, जिन्होंने सफलता मिलने के बाद भी अपनी सादगी नहीं छोड़ी. उनके व्यवहार और प्रोफेशनल रवैये की तारीफ डायरेक्टर्स, को-स्टार्स और फैंस तक करते हैं।



**रणबीर कपूर** : रणबीर कपूर की सादगी का जिक्र हाल ही में निर्देशक राजकुमार हिरानी ने Zoom को दिए एक इंटरव्यू में किया। उन्होंने बताया कि संजू की शूटिंग के दौरान रणबीर सीधे टीम और असिस्टेंट डायरेक्टर्स से बात करते थे। हिरानी ने कहा कि पूरी फिल्म बन गई और उन्हें यह तक पता नहीं चला कि रणबीर का मैनेजर कौन है। इससे पहले करण जौहर भी रणबीर के सहज और प्रोफेशनल रवैये की तारीफ कर चुके हैं।

**पंकज त्रिपाठी** : पंकज त्रिपाठी की पहचान सिर्फ शानदार अभिनय ही नहीं, बल्कि उनकी सादगी भी है। कई इंटरव्यू में वे अपने गांव, परिवार और संघर्ष के दिनों को याद करते नजर आए हैं। सफलता मिलने के बाद भी उनके रहन-सहन और व्यवहार में ज्यादा बदलाव नहीं आया। सेट पर उनका शांत स्वभाव और सभी के प्रति सम्मान उन्हें इंडस्ट्री के सबसे पसंदीदा कलाकारों में शामिल करता है।

**मनोज बाजपेयी** : मनोज बाजपेयी ने अपने दमदार अभिनय से अलग पहचान बनाई है। कई फिल्ममेकर्स और सह-कलाकार उनके अनुशासन, समय की पाबंदी और जमीन से जुड़े व्यवहार की तारीफ कर चुके हैं। वे हमेशा इस बात पर जोर देते हैं कि कलाकार की पहचान उसके काम से बनती है, न कि दिखावे से। यही सोच उन्हें बाकी सितारों से अलग बनाती है।

**नवाजुद्दीन सिद्दीकी** : संघर्ष से सफलता तक का सफर तय करने वाले नवाजुद्दीन सिद्दीकी आज भी अपनी सादगी के लिए जाने जाते हैं। कई मौकों पर उन्होंने कहा है कि वे लाइमलाइट से ज्यादा अपने काम पर ध्यान देना पसंद करते हैं। उनके करीबी और इंडस्ट्री से जुड़े लोग भी अक्सर उनके सहज स्वभाव और विनम्र व्यवहार की चर्चा करते हैं।

**विक्की कौशल** : विक्की कौशल ने कम समय में बॉलीवुड में अपनी अलग जगह बनाई है। सफलता मिलने के बाद भी उनका सहज व्यवहार अक्सर सुर्खियों में रहता है। फैंस के साथ उनका अपनापन, मीडिया से विनम्रता और सेट पर टीम के साथ सामान्य तरीके से पेश आना उनकी खास पहचान बन चुका है। यही वजह है कि वे इंडस्ट्री के सबसे डाउन टू अर्थ सितारों में गिने जाते हैं।

**एक बात सबसे अलग** : इन पांचों कलाकारों की एक बात सबसे अलग है। इन्होंने कभी स्टार बनने के बाद अपने व्यवहार को नहीं बदला। चाहे शूटिंग का माहौल हो या किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में मौजूदगी, ये सितारे अपने शांत और सम्मानजनक रवैये के लिए पहचाने जाते हैं। शायद यही वजह है कि इंडस्ट्री में भी इनकी सादगी की मिसाल दी जाती है।

## इन सितारों की बचाई जिंदगी

# जब डॉक्टर बने भगवान! अमिताभ से लेकर सैफ अली खान तक

*मुंबई। हिंदी सिनेमा में आपने अक्सर देखा होगा कि हीरो आखिरी वक्त पर आकर किसी की जान बचा लेता है लेकिन असल जिंदगी की कहानियां बिल्कुल अलग होती हैं क्योंकि यहां न बैकग्राउंड म्यूजिक होता है, न दूसरा टेक। होता है तो सिर्फ जिंदगी और मौत के बीच झूलता इंसान। उस वक्त सबसे बड़ा हीरो कोई सुपरस्टार नहीं, बल्कि ऑपरेशन थियेटर में खड़ा डॉक्टर होता है। आइए, जानते हैं ऐसी ही फिल्मी हीरो की कहानियां जिनके लिए डॉक्टर किसी फरिश्ते से कम नहीं साबित हुए।*

### अमिताभ बच्चन के लिए पूरा देश कर रहा था दुआ

सबसे पहले बात करते हैं अमिताभ बच्चन की जिन्हें फिल्म कुली के फाइटिंग के दौरान पुनित इस्सर ने इतनी जोर से मुक्का मारा कि उनके पेट में गंभीर अंदरूनी चोट आईं। बेहद नाजुक हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कई घंटे तक ऑपरेशन चला। उनके शरीर से काफी खून बह चुका था। पूरा देश बिग बी के लिए प्रार्थना कर रहा था। आखिरकार डॉक्टरों की मेहनत रंग लाई और अमिताभ ने मौत को मात दे दी। बाद में उन्होंने कई बार कहा कि उन्हें दूसरी जिंदगी मिली है और इसके लिए वह डॉक्टरों और अपने चाहने वालों के हमेशा आभारी रहेंगे।

### ऋषि कपूर: दो साल तक बीमारी से लड़ते रहे

ऋषि कपूर को 2018 में कैंसर का पता चला। इलाज के लिए वो अमेरिका के न्यूयार्क गए, जहां लगभग एक साल उनका इलाज चला। कई बार कीमोथेरेपी हुई, कई मेडिकल प्रोसेस से गुजरना पड़ा। इलाज के दौरान उन्होंने अपनी मुस्कान नहीं खोई.।सोशल मीडिया पर वो अक्सर डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ का शुक्रिया अदा करते थे। वापस इंडिया लौटने के बाद उन्होंने फिल्मों में काम शुरू किया। हालांकि 2020 में उनका निधन हो गया। लेकिन डाक्टर्स की वजह से उन्हें अपने परिवार के साथ कुछ वक्त और बिताने का वक्त मिला।




### सैफ अली खान: चंद मिनटों में बदल गई पूरी रात

सैफ अली खान के घर पर आधी रात को हुए चाकू से हमले ने पूरे देश को चौंका दिया। अपने बच्चों को चोर से बचाने के लिए सैफ ने अपनी जान तक दांव पर लगा दी। गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें तुरंत मुंबई के अस्पताल में ले जाया गया। एक चोट तो रीढ़ की हड्डी के बेहद करीब थी। मेडिकल टीम ने घंटों तक ऑपरेशन किया और वे स्वस्थ हो गए। डॉक्टरों का कहना था कि इलाज में थोड़ी भी देरी होती तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी।

### गरीबों के मसीहा सोनू सूद

सोनू सूद को लोग गरीबों का मसीहा कहते हैं. हालांकि कुछ वक्त पहले उन्हें खुद भी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा। लगातार काम और बिजी लाइफ के बीच एक मेडिकल समस्या के कारण उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। सोनू ने डॉक्टरों और मेडिकल टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि मरीज के लिए सिर्फ दवा ही नहीं, डॉक्टर का भरोसा भी बहुत बड़ी ताकत होता है।

### शाहरुख खान

शाहरुख खान ने अपने करियर में कई चोटें झेली हैं। कंधे, घुटने और पीठ की समस्याओं के कारण उन्हें कई बार सर्जरी करानी पड़ी। उन्होंने खुद कई इंटरव्यू में बताया है कि शरीर पर लगी चोटें उनके पेशे का हिस्सा बन चुकी हैं। हर बार डॉक्टरों की मदद और लंबी फिजियोथेरेपी के बाद ही वह दोबारा कैमरे के सामने लौट पाए।

### सलमान खान

सलमान खान भी अपने कई इंटरव्यूज में बता चुके हैं कि उन्हें 'ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया' बीमारी है। मेडिकल टर्म में इसे सबसे दर्दनाक माना जाता है। इसमें चेहरे की नस में तेज, अचानक और बिजली के झटके जैसा दर्द होता है। सलमान ने इस बीमारी का इलाज यूएस से करवाया और डॉक्टर्स को शुक्रिया अदा किया।